भर्ती हेतु सूचना
तकनीकी अधिकारी (आरबीएसके–डीईआईसी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

कर्तव्य एवं दायित्व

तकनीकी अधिकारी (आरबीएसके–डीईआईसी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में भारत के जिलों में जिला प्रारंभिक उपाय केंद्र (डीईआईसी) को विकसित करने और उसे सुदृढ़ बनाने के लिए राष्ट्रीय आरबीएसके इकाई को सहयोग के लिए जिम्मेदार होंगे। पदाधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने में प्रारंभिक उपाय की कुछ समझ और/या पूर्व अनुभव होना चाहिए। जिनका विवरण निम्नवत् हैः

- **तकनीकी सामग्री विकासः**
  डीईआईसी के लिए दिशानिर्देशों को तैयार करने में टीम के रूप में सहयोग करना। तकनीकी सामग्री के विकास के लिए इनपुट प्रदान करना, प्रशिक्षण पैकेज और प्रशिक्षण टूल्स विकसित करना। प्रशिक्षण पैकेजों के विकास के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता का उपयोग करने के लिए वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी का सहयोग करना। डीईआईसी के लिए प्रशिक्षण पैकेज संकलित करना और इसका प्रकाषन एवं उचित आदेशों और निर्देशों के साथ राज्यों को वितरण सुनिष्चित करना।

- **क्षमता निर्माणः**
  4 डी के निदान और प्रबंधन में डीईआईसी स्टाफ की क्षमता निर्माण प्रक्रिया का नेतृत्व करना। सभी कर्मचारियों की प्रशिक्षण जरूरतों का पता लगाना, प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ करने की योजना बनाना, प्रशिक्षण में गुणवत्ता जांच तंत्र सुनिष्चित करना, राष्ट्रीय और राज्य स्तरों पर टीओटी के आयोजन में सहायता करना, प्रशिक्षण कैलेंडरों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना, प्रशिक्षण उपरांत मूल्यांकनों की सुविधा प्रदान करना।

- **निगरानी और मूल्यांकनः**
  डेटा एकत्र करने के लिए निगरानी टूल्स और प्रणालियों के विकास हेतु जानकारी प्रदान करना। निगरानी सूचकों के विकास के लिए निगरानी टीम को जानकारी प्रदान करना। यह सुनिष्चित करना कि सभी स्तरों पर डीईआईसी डेटा नियमित रूप से और पूरी तरह एकत्र किया जा रहा है। कार्यक्रम की गुणवत्ता सुधार के लिए फीडबैक प्रदान करने हेतु डेटा का विष्लेषण और समीक्षा करना। भारत सरकार को प्रस्तुत किए जाने हेतु तिमाही और वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना। आवश्यकता पड़ने पर मूल्यांकन अध्ययन की सुविधा प्रदान करना। समस्या समाधान में डीईआईसी का सहयोग करना।

- **आईईसीः**
  आरबीएसके–डीईआईसी के लिए आईईसी रणनीति के विकास में संचार टीम का सहयोग करना। समुदाय में कार्यक्रम के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए उपयुक्त आईईसी संदेश तैयार करना। आईईसी सामग्री के विकास और उनकी उपयोगिता में सहायता करना।

- **दस्तावेज़ तैयार करनाः**
  इस कार्यक्रम के डीईसी पक्ष को आरंभ करने के लिए अपनाई गई प्रक्रियाओं का दस्तावेज़ तैयार करना। स्कीम अथवा राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों में ऐसे अन्य प्रयासों को आरंभ करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रकरण अध्ययन तैयार करना और उनका वितरण सुनिष्चित करना।

- **अन्य कार्यः**
  इस कार्यक्रम के आरंभ में प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से शामिल वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारियों और संबंधित टीम को सक्रिय रूप से सहयोग करना। पद स्तर पर और/या कार्यक्रम अधिकारी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और निदेशक द्वारा सौंपे गए अन्य सुसंगत कार्यों का निश्पादन करना।

दक्षताएं
कार्यात्मक दक्षताः

- प्रारंभिक उपाय में योग्यता और/या अनुभव – डोमेन विशेषज्ञता, मानकीकरण प्रक्रियाएं और दिशानिर्देश तैयार करना;
- नवजात षिषु और बाल स्वास्थ्य और विकास का तकनीकी ज्ञान;
- आरबीएसके, विशेष रूप से जिला प्रारंभिक उपाय के तहत जिला राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर फील्ड प्रणालियों और प्रक्रियाओं और चुनौतियों का अच्छा ज्ञान।

आवश्यक ज्ञान और कौशल :

- प्रारंभिक उपाय में सिद्ध क्षमता और/या पूर्व अनुभव;
- बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संकल्पना, नवाचार, योजना निर्माण और आयोजन करने की सिद्ध क्षमता;
- एक अच्छा टीम कार्यकर्ता होना चाहिए;
- तकनीकी दस्तावेज तैयार करना, रिपोर्ट लेखन और दस्तावेज़ीकरण;

आवश्यक कौशल और अनुभव
शिक्षा :

- प्रारंभिक उपाय और/या विकास संबंधी बाल चिकित्सा, बाल चिकित्सा फिजियोथेरेपी, तंत्रिका तंत्र विकास शारीरिक थेरेपी, षारीरिक विकास संबंधी विकलांगता, **पुनर्वास प्रशासन, व्यावसायिक चिकित्सा** में उन्नत डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

अनुभवः– योग्यता उपरांत

- राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभिक उपाय निर्माण, आरबीएसके और विशेष रूप से डीईआईसी कार्यान्वयन पहलों की निगरानी और कार्यान्वयन में पांच (5) वर्शों के व्यावसायिक कार्य का अनुभव;
- ऐसे शिशुओं/बच्चों, जिन्हें देरी से विकास और/या विकलांगता है या होने का जोखिम है, और उनके परिवारों और समुदायों की छंटनी और उपाय;
- प्रारंभिक उपाय में प्रदर्षित अनुभव अनिवार्य है। डीईआईसी कार्यान्वयन में प्रबंधकीय और विष्लेषणात्मक कौशल को विषेश योग्यता माना जाएगा।

भाशा :

- अंग्रेजी भाशा के मौखिक और लिखित संप्रेशण में प्रवीणता।

आयु सीमाः आवेदन की अंतिम तिथि को 50 वर्श और उससे कम

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 90,000/– रु. से 1,30,000/– रु. के बीच

कार्य स्थलः नई दिल्ली

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **17-Oct-2017 अपराह्न 4 बजे तक** mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।